26/02/2026

आकाशवाणी ईटानगर

अरुणाचल प्रदेश के न्यीशी समुदाय का कृषि आधारित त्योहार न्योकुम युलो आज राज्य के विभिन्न जिलों में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। 'न्योकुम' शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है 'न्यो' अर्थात भूमि और 'कुम' अर्थात एकजुटता। त्योहार के दौरान मुख्य पूजा स्थल बांस से तैयार किया जाता है, जिसे 'युगाङ' कहा जाता है। इस अवसर पर समृद्धि की देवी 'न्योकुम' की आराधना कर आशीष मांगा जाता है। प्रव का अनुश्ठान 'न्युब' यानी प्र्रेस्ट द्वारा कर पारंपरिक अर्पण के माध्यम से समुदाय के सुख-समृद्धि की कामना की जाती है। न्योकुम युल्लो केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि सद्भाव, कृतज्ञता और एकता का प्रतीक भी है। लोग पारंपरिक वेशभूषा धारण कर लोकनृत्य प्रस्तुत करते हैं और हर्षोल्लास के साथ त्योहार मनाते हैं।

0000000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांदू ने पापुमपारे जिले के दोईमुख में आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता केंद्र का उदघाटन किया। पापुम पारे उपायुक्त विशाखा यादव की पहल पर, FLN सेंटर को HDFC, NHPC की कॉर्पोरेट की सामाजिक जिम्मेदारी पहल, अनबंधित निधि और पारे जलविद्युत परियोजना से स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के तहत निधि प्रदान किया जाता है।

NEP 2020 और NIPUN भारत मिशन के साथ, यह शुरुआती शिक्षा को मज़बूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। FLN केंद्र का उद्देश्य यह पक्का करना है कि हर बच्चा ग्रेड तीन के आखिर तक ज़रूरी पढ़ने, लिखने और गिनती के हुनर हासिल कर ले, और साथ ही अरुणाचल की स्थानीय संस्कृति और विरासत से भी जुड़ा रहे। इस अवसर पर, राज्यसभा MP नाबाम रेबिया दोइमुख विधायक नाबाम विवेक उपस्थित रहें।

0000000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चौना मेन ने झा और रूही गांव के बीच कमला कुमे नदी पर बने चौरासी मीटर लंबे स्टील ट्रस परमानेंट ब्रिज और क्रा दादी जिले के ताली में मल्टीपर्पस इनडोर स्टेडियम का उद्‌घाटन किया। यह पुल लोगों के लिए हर मौसम में कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगा और स्टेडियम खेल सुविधा, सामुदायिक कार्यक्रम एवं युवाओं के विकास के अवसरों को भी बढावा देगा।

0000000000000000000000000

अरुणाचल के पशुपालन, वेटेरिनरी और डेयरी विकास मंत्री गेब्रियल डी. वांगसू ने AHV&DD के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में निरजुली में केंद्रीय वैक्सीन डिपो-सह-रोग जांच प्रयोगशाला का उद्‌घाटन किया।

इस प्रयोगशाला से बीमारी का समय पर और सही करणों का पता चल पाएगा, पशुओं की मृत्यु दर में कमी होगी, उत्पादक्ता और किसानों की आय को बढावा मिलेगा, साथ ही बीमारी फैलने पर तेज़ी से कार्रवाई होगी और राज्य के बाहर जांच पर निर्भर्ता भी कम होगी।

0000000000000000000000000

ऑपरेशन डॉन 2.0 के तहत, ईस्ट सियांग पुलिस ने पासीघाट पुलिस स्टेशन और रुक्सिन पुलिस स्टेशन के तहत अलग-अलग ऑपरेशन में दो लोगों को गिरफ़्तार कर उनके कब्ज़े से नौ ग्राम हेरोइन और बीस ग्राम गांजा बरामद हुआ। IC एंटी-ड्रग्स स्क्वाड आयूप बोको की नेतृत्व में ADS टीम ने निनी तामिन की एंटी-ड्रग वॉरियर्स टीम के साथ मिलकर यह कार्रवाई की। आरोपियों से ज़ब्त की गई मादक पदार्थों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित पुलिस स्टेशनों को सौंप दी गई हैं।

0000000000000000000000000

सियांग अपर बहुउद्देश्यीय परियोजना की प्री-फिजिबिलिटी रिपोर्ट की गतिविधियों के लिए सिमोङ गांव के एक सौ चौवालीस में से एक सौ अट्ठाइस परिवारों तथा हालेङ गांव के सभी नौ परिवारों ने औपचारिक सहमति प्रदान की है। इस संबंध में यिङकिओङ में राज्य सरकार के साथ समझौता ज्ञापन - MoU पर हस्ताक्षर किए गए।

राज्य सरकार की ओर से अपर सियाङ उपायुक्त तोलो जेराङ ने हस्ताक्षर किए, जबकि सिमोङ और हालेङ गांव की ओर से जेनोम तेकसेङ और कोशाङ नोपी ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सलाहकार एवं स्थानीय विधायक आलो लिबाङ ने कहा कि परियोजना की योजना और क्रियान्वयन के दौरान स्थानीय समुदायों के हित और कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

0000000000000000000000

डॉन बॉस्को यूथ सेंटर में अंतर-राज्यीय युवा विनिमय कार्यक्रम का समापन हुआ। जिसमें कुल सैतीस युवाओं ने भाग लिया। माई भारत के उपनिदेशक गोपेश पांडे ने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं को विभिन्न राज्यों की विविधता, संस्कृति, परंपराओं और लोकतांत्रिक संस्थाओं को समझने का मंच प्रदान करता है, जिससे आपसी सम्मान और आजीवन मित्रता को बढ़ावा मिलता है। समारोह में प्रतिभागियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। साथ ही, सभी ने होली का उत्सव मनाते हुए मित्रता और एकता के रंग बिखेरे।

0000000000000000000000

रीवॉच (RIWATCH) द्वारा रोइंग के सेंट्रल रेह-को में ‘युथ वॉइस एंण्ड मल्टीलिंगुअल एजुकेशन’ विषय पर अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस 2026 का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर रोइंग के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के लगभग दो सौ विद्यार्थियों ने मातृभाषाओं के महत्व और भाषाई विविधता के संरक्षण के प्रति जागरूकता रैली में भाग लिया।

0000000000000000000000000

और आईसीसी पुरुष टी-20 क्रिकेट विश्व कप में भारत का मुकाबला सुपर 8 ग्रुप ‘1’ में जिम्बाब्वे से चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जा रहा है। अंतिम समाचार मिलने तक भरत ने बल्ले बाज़ी करते हुए .... ओवेर में ..... विकट के नुकसान के सातह.... रन बना लिए हैं

0000000000000000000000000